
# नौ लड़ी का हार पहन चांदी के सिंहासन पर विराजे गणेशजी





**मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में सोमवार को सिंजारा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर महंत कैलाश शर्मा ने प्रथम पूज्य को मेहंदी लगाई। इसके बाद भक्तों को 3 हजार किलो मेहंदी प्रसाद के रूप में वितरित की गई। पांच स्थानों पर मेहंदी वितरण की व्यवस्था की गई। मेंहदी लेने के लिए लोग उमड़ पड़े। शाम को गणेशजी महाराज का विशेष श्रृंगार किया गया। गणेशजी महाराज को स्वर्ण मुकुट धारण कराया गया। यह मुकुट केवल गणेश चतुर्थी को ही धारण कराया जाता है। महंत परिवार के पारंपरिक श्रृंगार में नौ लड़ी का नोलखा हार का भाव था। इसमें मोती, सोना, पन्ना माणक के भाव स्वरूप दर्शाए गए हैं। इसके बनाने में करीब तीन माह लगे। सिंजारे पर भगवान को चांदी के सिंहासन पर विराजमान किया। विशेष पोशाक धारण कराई गई।**

# युवती की हत्यारे को आजीवन कारावास

**जयपुर**, (का.सं.)। एनडीपीएस मामलों की विशेष अदालत ने वर्ष 2016 में विद्याधर थाना इलाके में एकतरफा प्रेम के चलते युवती की चाकू से गोदकर बेरहमी से हत्या करने वाले अभियुक्त जयंत सोढ़ानी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर बीस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। वहीं अदालत ने अभियुक्त के पिता राजेश सोढानी को साक्ष्य मिटाने के जुर्म में तीन साल की कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त ने हर्षिता की धारदार हथियार से निर्दयता से हत्या कर उसके शव को शहीद पार्क सेक्टर-7 के पास एक खाली प्लॉट में पटक दिया। वहीं उसके पिता ने भी साक्ष्य मिटाने में उसका साथ दिया है। अभियुक्तों का यह कृत्य गंभीर है। ऐसे में उनके प्रति कोई सहानुभूति नहीं रखी जा सकती।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक उमाशंकर खंडेलवाल ने बताया कि 15 सितंबर 2016 को राकेश गुप्ता ने विद्याधर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बेटी हर्षिता कल शाम सात बजे साइबर कैफे जाने की बात कहकर गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी और उसका मोबाइल भी बंद आ रहा था। वे रात के पौने दस बजे हर्षिता की तलाश में गए तो साइबर कैफे की दुकान बंद मिली। वहीं बाद में उसकी एक्टिवा दाना पानी रेस्टोरेंट के पास मिली। जिससे संदेह हुआ कि उसकी बेटी के साथ कुछ गलत हुआ है। पड़ोस में रहने वाला लड़का जयंत उसकी बेटी को परेशान करता था और जबरन आए दिन उसका रास्ता रोकता था। वह कहता था कि या तो वह प्यार में खुद मर जाएगा या उसे मार डालेगा। उन्होंने जब जयंत से पूछा तो वह घबरा गया। उन्हें फोन पर सूचना मिली की शहीद पार्क के पास एक युवती की लाश मिली है। वे अपने परिवार के साथ गए तो उसकी बेटी की खून से लथपथ लाश पड़ी हुई थी और उसके शरीर पर चोटें भी थीं। पुलिस ने रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए जयंत को गिरफ्तार किया। वहीं अभियुक्त पक्ष की ओर से कहा गया कि उन्हें प्रकरण में झूठा फंसाया जा रहा है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने अभियुक्तों को सजा सुनाई है।

# किसानों को ठगने वाली इस सरकार की अब उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है : राजेन्द्र राठौड़

**जयपुर।** नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने वक्तव्य जारी कर कहा कि पिछले 4 साल 8 माह में प्रदेश के करीब 20 हजार से अधिक किसानों की जमीनें राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा नीलामी की गई जिससे प्रदेश के किसानों में आक्रोश व्याप्त है। लेकिन सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। झूठ और लूट वाली सरकार के 4 साल 8 माह के कुशासन में किसानों की बेशकीमती जमीनों की नीलामी का इससे बड़ा सबूत क्या हो सकता है कि जमीन नीलाम करने वाली बैंकों द्वारा रिकॉर्डेड 82.42 करोड़ रुपये का तो केवल कमीशन राजस्व कार्मिकों को दिया गया। इसमें से 24.73 करोड़ का कमीशन पटवारियों को मिला है।

राठौड़ ने कहा कि राजस्थान सरकार राजस्व (ग्रुप-2) विभाग के आदेश के अनुसार कुर्की के माध्यम से नीलाम होने वाली कृषि भूमियों की कीमत पर कुल 5 प्रतिशत कमीशन राजस्व कार्मिकों-पटवारी, गिरदावर, टीआरए, तहसीलदार एवं उपखंड अधिकारी को देने का प्रावधान है। इसमें से 1.5 प्रतिशत पटवारी, 1 प्रतिशत गिरदावर, 0.50 प्रतिशत टीआरए, 1.10 प्रतिशत तहसीलदार एवं 0.5 प्रतिशत उपखंड अधिकारी को कमीशन मिलता है। राठौड़ ने कहा कि सरकार किसानों को निरंतर गुमराह करती आ रही है कि उन्होंने किसानों का कर्जामाफ कर दिया है। लेकिन हकीकत में किसानों की कर्जमाफी तो दूर उनकी जमीनें भी नीलाम हो चुकी है। किसान कर्जमाफी की घोषणा के 10 दिन से लेकर आज 1700 दिन से ज्यादा हो गये हैं लेकिन राहुल गांधी की गिनती अभी तक पूरी नहीं हुई है और किसान अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। प्रदेश में श्रीगंगानगर के किसान सोहनलाल, हनुमानगढ़ के किसान सुरजाराम, करौली में किसान कमलराम मीणा सहित दर्जनभर किसान आत्महत्या जैसा कदम उठा चुके हैं। सरकार ने राष्ट्रीयकृत बैंकों, अनुसूचित बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के ऋणी किसानों के कर्जमाफ हेतु सुझाव देने के लिए कल्ला कमेटी का गठन किया था जो अल्लाह को प्यारी हो गई। कर्जमाफी को दूर की कौड़ी है, किसानों को अब ना तो बिजली मिल रही है और ना ही सिंचाई के लिए पानी। किसानों को ठगने वाली इस सरकार की अब उल्टी गिनती शुरु हो चुकी है।

# राजेंद्र राठौड़ चूरू से 100 फीसदी हारेंगे : डोटासरा

- **राजेंद्र राठौड़ ने गोविंद सिंह डोटासरा को बताया था अहंकारी रावण**

**जयपुर**, (का.प्र.)। नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ की ओर से गोविंद सिंह डोटासरा को अहंकारी रावण बताये जाने वाले बयान पर हैदराबाद से लौटने के बाद डोटासरा ने जवाब देते हुए कहा कि रावण विद्वान तो था ही। यह तो मानते हो। विद्वान ब्राह्मण था। ये राठौड़ चूकते नहीं हैं। कभी ब्राह्मणों के खिलाफ टिप्पणी करते हैं। कभी जाटों के खिलाफ टिप्पणी करते हैं। कभी किसी और ओबीसी के विरोध में टिप्पणी करते हैं।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कभी ये ओबीसी के अध्यक्ष को हटा देते हैं, कभी कुछ कर देते हैं। ये बौखलाए हुए हैं। कुछ भी कह सकते हैं। प्रतिपक्ष का नेता केवल लक्ष्मणगढ़ में मीटिंग करे और उसमें भी 3000 लोग हों। उस सभा में भी केवल गोविंद डोटासरा पर बोले। व्यक्तिगत कमेंट करें तो समझ सकते हैं इनकी हालत कितनी पतली है। यात्रा में कम से कम अपनी सरकार का विजन पेश करते। हमारी योजनाओं की कमी खामी बताते। मोदी की योजना की कोई खासियत बताते, लेकिन ये केवल मेरे खिलाफ अनर्गल आरोप लगाते रहे। डोटासरा ने कहा कि मैं फिर कह रहा हूं। राजेंद्र राठौड़ इस बार चूरू से चुनाव नहीं लड़ेंगे। लड़ेंगे तो 100 फीसदी हारेंगे। इसीलिए बौखलाहट में व्यक्तिगत आरोप लगाते हैं। वो सीनियर हैं। इसलिए मैं व्यक्तिगत आरोप नहीं लगाता। नहीं तो सुबह से शाम हो जाए।

## मेयर मुनेश गुर्जर की याचिका का निस्तारण

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने हेरिटेज नगर निगम की मेयर मेयर मुनेश गुर्जर की याचिका का सारहीन होने के चलते निस्तारण कर दिया है। जस्टिस इंद्रजीत सिंह ने यह आदेश दिए। याचिका में मुनेश गुर्जर ने अपने निलंबन को चुनौती दी थी। अदालत ने कहा कि जिस निलंबन आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी, वह आदेश राज्य सरकार ने वापस ले लिया है। ऐसे में अब याचिका पर आगे सुनवाई करने का कोई औचित्य नहीं है। वहीं यदि याचिकाकर्ता के खिलाफ राज्य सरकार किसी तरह का कोई नया आदेश जारी करती है तो उसे नए सिरे से हाईकोर्ट में याचिका दायर कर चुनौती दी जा सकती है।

# असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती में तय सीटें आरक्षित नहीं रखने पर मांगा जवाब

**जयपुर**, (का.सं.)।हाईकोर्ट ने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती-2023 में एससी और एसटी के लिए तय आरक्षण के अनुपात में सीटें आरक्षित नहीं रखने पर राज्य सरकार से जवाब तलब किया है। अदालत ने मुख्य सचिव, कार्मिक सचिव, कॉलेज शिक्षा निदेशक और आरपीएससी सचिव से पूछा है कि क्यों ना भर्ती विज्ञापन को रद्द कर नए सिरे से विज्ञापन जारी करने के निर्देश दिए जाए। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश डॉ. राहुल मौर्य व अन्य की ओर दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि राजस्थान लोक सेवा आयोग ने गत 22 जून को रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और भौतिक विज्ञान सहित कुल 48 विषयों के लिए असिस्टेंट प्रोफेसर पद की भर्ती निकाली। याचिका में कहा गया कि आरक्षण नियमों के तहत प्रदेश की सरकारी सेवाओं में एसटी वर्ग को 12 फीसदी और एससी वर्ग को 16 फीसदी आरक्षण का लाभ दिया जा रहा है। इसके बावजूद इस भर्ती में आरपीएससी ने आरक्षण नियमों की अवहेलना की है। कार्मिक विभाग की ओर से इस संबंध में जारी अधिसूचना और रोस्टर पाइंट को भी लागू नहीं किया गया है। याचिका में बताया गया कि इस भर्ती में भौतिक विज्ञान के कुल साठ पदों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। ऐसे में आरक्षण नियमों के तहत एसटी वर्ग के लिए 8 और एससी वर्ग के लिए 10 पद आरक्षित रखे जाने थे। जबकि आयोग ने एसटी वर्ग के लिए एक पद और एससी वर्ग के लिए 2 पद ही आरक्षित रखे हैं। याचिका में यह भी कहा गया कि गत भर्ती के बैकलॉग पद भी रिक्त चल रहे हैं। ऐसे में याचिकाकर्ताओं का संविधान प्रदत्त अधिकारों की अवहेलना हुई है। इसलिए आरपीएससी को निर्देश दिए जाए कि वह इस भर्ती विज्ञापन को रद्द कर आरक्षण नियमों की पालना करते हुए पदों का नए सिरे से निर्धारण कर भर्ती विज्ञापन जारी करे।

# अब राज्य सरकार रिटायर कर्मचारियों को नहीं कर पायेगी परेशान

- **सेवानिवृत्त हो चुके कर्मचारियों से नहीं वसूल पायेगी गलती से अधिक भुगतान की गई राशि**

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य के वेयर हाउसिंह कॉर्पोरेशन से नौ साल पूर्व सेवानिवृत्त हो चुके कर्मचारियों से राज्य सरकार द्वारा सेवा के दौरान मिली अधिक राशि को वसूलने के आदेश को रद्द कर दिया। यह आदेश न्यायाधीश एम.एम.श्रीवास्तव व प्रवीर भटनागर की खंडपीठ ने जयकुमार चतुर्वेदी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिये। इस मामले में याचिकाकर्ता की ओर से दीपक शर्मा पैरवी के लिये पेश हुए।

मामले के तथ्य के अनुसार वर्ष 2011 में राज्य सरकार ने राजस्थान वेयर हाऊसिंग कॉर्पोरेशन के कुछ कर्मचारियों को, उनकी सेवानिवृत्त के नौ साल बाद, यह नोटिस जारी किया कि उनसे कुछ राशि वसूली जायेगी क्योंकि उनकी राज्य में सेवा के दौरान उन्हें गलती से अधिक राशि का भुगतान कर दिया गया था। राज्य सरकार के इस नोटिस को जयपुर तथा जोधपुर हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी और दोनों ही अदालतों की एकलपीठ ने याचिकाकर्ताओं के पक्ष में फैसला दिया था। इस फैसले की अपील भी राज्य सरकार ने दोनों अदालतों की खंडपीठ में की थी। जोधपुर हाईकोर्ट में 12 सितम्बर को राज्य सरकार की अपील को भी खारिज कर दिया गया और सोमवार को इसे जयपुर में भी राज्य सरकार की अपील को खारिज कर दिया गया। दरअसल सुप्रीम कोर्ट का इन मामलों में आदेश स्पष्ट है कि सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों से एक साल के अंदर ही राशि वसूली जा सकती है, अगर पांच साल से अधिक समय तक उन्हें अधिक राशि का लाभ मिला हो।

# भाजपा किसान मोर्चा अन्याय के खिलाफ आवाज उठाएं : चन्द्रशेखर

- **कांग्रेस सरकार बनते ही किसानों की सम्पूर्ण कर्जमाफी की जायेगी : हरिराम रणवां**

**जयपुर।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री ओ.पी. यादव ने बताया कि भाजपा किसान मोर्चा की प्रदेश स्तरीय बैठक भाजपा प्रदेश कार्यालय, जयपुर में प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर, मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री एवं राजस्थान प्रदेश प्रभारी रामनरेश तिवाड़ी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मोर्चा प्रदेश प्रभारी नारायण सिंह देवल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ एवं प्रदेश स्तरीय बैठक में मोर्चे के प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिलाध्यक्ष, संभाग प्रभारी, जिला प्रभारी, सोशल मीडिया प्रदेश टीम एवं सोशल मीडिया जिला प्रभारी उपस्थित रहे।

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर ने मोर्चे के प्रत्येक पदाधिकारियों से आव्हान किया कि वह अपने-अपने ग्राम स्तर पर संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ, किसान विरोधी इस कांग्रेस सरकार में किसानों के साथ हो रहे अन्याय एवं अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठायें। मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां ने बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनते ही किसानों की सम्पूर्ण कर्जामाफी की जायेगी, जो अभी तक नहीं की गई। आज भी किसान अपनी पूर्ण कर्जमाफी का इंतजार कर रहा है। कांग्रेस द्वारा प्रदेश में सरचार्ज, फ्यूल चार्ज ना बढ़ाने का वादा किया था, लेकिन कांग्रेस की सरकार बनते ही बिलों में वृद्धि करके किसानों की कमर तोड़ दी। साथ ही बिजली कटौती करके किसानों के साथ में धोखा किया। ऐसी निकम्मी सरकार को आने वाले विधानसभा चुनाव में प्रदेश का किसान सबक सिखाएगा।मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री एवं किसान मोर्चा राजस्थान के प्रदेश प्रभारी रामनरेश तिवाड़ी ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा किसान मोर्चा को प्रत्येक बूथ स्तर पर केन्द्र सरकार की किसान जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने की आवश्यकता है, जिससे की हर एक किसान को इन योजनाओं के माध्यम से लाभ मिल सके।

## 34 साल पहले मामले में सजा कम की

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने गैर इरादतन हत्या के मामले में 34 साल पहले पेश अपील का निस्तारण करते हुए अभियुक्त को मिली सजा को कम करते हुए उसे भुगती हुई सजा तक सीमित कर दिया है। हालांकि अदालत ने कहा कि यदि मामले में लगाया गया हर्जाना अभियुक्त दो माह में जमा नहीं कराता है तो उसे डिफॉल्ट सजा भुगतनी होगी।

## जनता जलकर्मियों का महापड़ाव स्थगित हुआ

**जयपुर** । राजधानी में शहीद स्मारक पर पिछले 2 दिन से स्थाईकरण की मांग को लेकर चल रहा जनता जल कर्मियों का महापड़ाव सोमवार को जलदाय मंत्री महेश जोशी के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया।

बारिश के बावजूद प्रदेश भर से हजारों जनता जल योजना के कर्मचारी अपने स्थाईकरण की मांग को लेकर दो दिन से जयपुर में शहीद स्मारक पर महापड़ाव डाले हुए थे। रविवार को प्रदेश भर से आए जनता जल कर्मियों को संबोधित करते हुए प्रदेश जनता जल योजना श्रमिक यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष प्रहलाद राय अग्रवाल ने कहा कि जनता जल योजना के कर्मचारी पिछले 10 वर्षों से नियमित करने के लिए सरकारों के खिलाफ आंदोलन करते आ रहे हैं, परन्तु दुर्भाग्य है कि जो भी सरकार रही वह सिर्फ कर्मचारियों को आश्वासन देती रही। पिछले दिनों 13 मार्च को मुख्यमंत्री ने जनता जल योजना से जुडे हुए कर्मचारियों को पंचायत राज से हटाकर जलदाय विभाग के अधीन करने के आदेश दिये थे। साथ ही जनताजल योजना श्रमिकों को जलदाय विभाग मे समायोजित करते हुए स्थाईकरण करवाने की घोषणा की थी। लेकिन बड़ी विडंबना है कि मुख्यमंत्री के निर्देश के बावजूद भी आज तक उन्हें स्थाई नहीं किया गया। कर्मचारी नेता गजेंद्र सिंह राठौड़ ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार हमारी बात नहीं मानती है तो सीएम हाउस कूच किया जाएगा। इस दौरान जलदाय मंत्री डॉक्टर महेश जोशी धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री व अधिकारियों से बात कर समाधान का आश्वासन दिया।

## पडौसी ने किया युवती से दुष्कर्म

**जयपुर** । झोटवाड़ा इलाके में पडौसी द्वारा युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी ने युवती को घर में अकेला देखा तो जबरन अंदर घुस गया और उसके साथ जबरदस्ती की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर अश्लील वीडियो बना लिया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ झोटवाड़ा थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि झोटवाड़ा निवासी 19 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। आरोप है कि पड़ोसी युवक पिछले 2 महीने से उसको परेशान कर रहा था। दोस्ती करने का दबाव बना रहा था। 10 दिन पहले वह घर पर अकेली थी। इसी दौरान आरोपी पडौसी जबरन घर में घुस आया।

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत को लेकर बैठक

**जयपुर।** भाजपा जयपुर शहर की बैठक का आयोजन भाजपा जयपुर शहर कार्यालय पर आयोजित हुई। जिसमें बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राघव शर्मा और पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने की। बैठक 19 मई को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा साथ ही राष्ट्रीय कार्यकारिणी पदाधिकारी के स्वागत को लेकर की गई। जिला अध्यक्ष राघव शर्मा ने बताया 19 मई को राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और राष्ट्रीय पदाधिकारियों के स्वागत के लिए तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। तैयारियों में बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष और राष्ट्रीय पदाधिकारी के स्वागत के लिए 5 पॉइंट निश्चित किए गए हैं जिसमें पहला पॉइंट एयरपोर्ट सांगानेर, दूसरा गांधी सर्किल, तीसरा ट्रांसपोर्ट नगर, और चौथा खोले के हनुमान जी, आमेर कुंडा रहेगा। उसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यसमिति की बैठक लेंगे जो आमेर कुंडा स्थित होटल लीला में होगी। इसके बाद 20 मई को शाम 7 बजे भारतीय जनसंघ के संस्थापक सुंदर सिंह जी भंडारी पुस्तक का विमोचन करेंगे। विमोचन कार्यक्रम बिरला सभागार में होगा। इन सभी की तैयारियों को लेकर जयपुर शहर कार्यालय में अरुण चतुर्वेदी और राघव शर्मा ने तैयारियों का जायजा लिया।

## एस.के.फाइनेंस वर्ल्ड हेल्थ एंड वेलनेस फेस्ट 7 -8 अक्टूबर को

**जयपुर**, (का.सं.)। भारत के एकमात्र और बहु प्रतिष्ठित एस.के फाइनेंस वर्ल्ड हेल्थ एंड वेलनेस फेस्ट के तीसरे संस्करण का मंच सजने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस फेस्ट का आयोजन 7-8 अक्टूबर को जयपुर में जवाहर कला केंद्र के शिल्प ग्राम में एस.के. फाइनेंस और संस्कृति युवा संस्था द्वारा किया जा रहा है। फेस्ट में हेल्थ एंड वेलनेस के अलग-अलग आयामों से जुड़े 100 से अधिक एक्सपर्ट विभिन्न सेशन के जरिये अपनी बात रखेंगे। राजस्थान में चिकित्सा जगत के पितामह कहे जाने वाले और आर.यू.एच.एस. कुलपति, डॉ. सुधीर भंडारी इस कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक होंगे।

फेस्ट के सह-संस्थापक, नरिशन्त शर्मा और मुकेश मिश्रा ने बताया कि, फेस्ट में सेशन् के अलावा 2000 लोग भांगड़ा ज़ुम्बा का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की कोशिश करेंगे। जिसमे भांगड़ा फिटनेस सोशल मीडिया पर फेमस एश्ली कौर भांगड़ा करेंगी और साथ में ज़ुम्बा भी होगा, ओशो डायनमिक मैडिटेशन, वैलनेस ह्यूमन बुक्स, क्लोज टू नेचर वर्कशॉप जैसे कार्यक्रम भी होंगे। साथ ही हेल्थ एन्ड लाइफस्टाइल एक्जीबिशन भी लगेगी। कार्यक्रम में आम लोगों के लिये प्रवेश पूर्णतया निःशुल्क है लेकिन फेस्ट की वेबसाइट पर पहले पंजीकरण करवाना आवश्यक है।

## गणेश चतुर्थी पर सुरक्षा व्यवस्था के विशेष इंतजाम

**जयपुर** । गणेश चतुर्थी का पर्व मंगलवार को प्रदेशभर में धूमधाम से मनाया जाएगा। इसे लेकर जयपुर शहर के मोती डूंगरी गणेश मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने के चलते कानून-व्यवस्था और यातायात के विशेष इंतजाम किए गए है। मोती डूंगरी गणेश मंदिर के चारों ओर बैरिकेडिंग की गई है। इससे भीड़ का नियंत्रित किया जाएगा।

मंदिर परिसर के आसपास सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी रखी जाएगी। कंट्रोल रूम के जरिए पुलिस अधिकारी तमाम सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी रखेंगे।

इसके लिए अतिरिक्त जाप्ता लगाया गया है। इस बार विशेष तौर से एआई तकनीक वाले कैमरे लगाए जाएंगे। इन कैमरों के जरिए पुलिस अपराधियों का डाटा एप पर अपलोड करेगी। एआई तकनीक आधारित कैमरों को फेस रिकग्निशन एप से जोड़कर काम में लिया जाएगा, जिससे भीड़ में शामिल बदमाशों को भी चिह्नित किया जाएगा।

वहीं 3 दिनों तक यातायात के भी विशेष इंतजाम रहेंगे।

# कार सवार युवकों ने कैफे में घुसकर तोड़फोड़ की

## कैफे में कार्यरत स्टाफ द्वारा पानी की बोतल के पैसे मांगने पर हुआ झगड़ा

**जयपुर** । राजधानी जयपुर के अशोक नगर क्षेत्र के एक कैफे के स्टाफ को कार सवार युवकों ने इसलिए पीट दिया क्योंकि उन्होंने पानी की बोतल के पैसे मांगे थे। युवकों ने कैफे में तोड़फोड़ कर काउंटर को भी नीचे गिरा दिया। पूरी घटना कैफे में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। पीड़ितों ने अशोक नगर थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस थार गाड़ी में सवार होकर आए युवकों की तलाश में जुटी है। इस घटना के अगले दिन कुछ बाइक सवारों ने स्टाफ को धमकाया कि एफआईआर करवाई तो कैफे को आग लगा देंगे। पुलिस ने बताया कि बगरूवालों का रास्ता (चांदपोल बाजार) में रहने वाले दिनेश कुमार शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उसने बताया- जमुना लाल बजाज मार्ग सी-स्कीम पर उनके बेटे अक्षय का टीपीसी नाम से कैफे है। वे दिन के समय कैफे का काम करते हैं। रात के समय टेक-अवे का काम होता है। गत 15 सितंबर की रात करीब 2.45 बजे थार गाड़ी में चार लड़के आए। कैफे बंद होने की बात कहने पर पानी की बोतल मांगने लगे। कैफे का कर्मचारी प्रमोद पानी की बोतल देने गया। पैसे मांगने पर कार में बैठे लड़के प्रमोद से झगड़ा करने लगे। मारपीट करने पर प्रमोद भागकर कैफे के अंदर आ गया। चारों लड़के थार गाड़ी से नीचे उतरकर कैफे के अंदर आ गए और स्टाफ से मारपीट कर कपड़े तक फाड़ दिए। धमकी देकर जाते समय कैफे में तोड़फोड़ कर काउंटर को भी नीचे गिरा दिया। अगले दिन केस दर्ज करवाया गया। अशोक नगर थाने में शिकायत करने पर अगले दिन बाइक पर आए कुछ लड़कों ने धमकी दी कि एफआईआर करवाई तो कैफे को आग लगा देंगे और बंद करवा दंगे। तुम हमारा कुछ नहीं कर सकते।

# 104 वाहन चोरों के ठिकानों पर दबिश, 34 गिरफ्तार

**जयपुर** । पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने करणी विहार, श्याम नगर, जवाहर सर्किल, महेश नगर, झोटवाड़ा, मुहाना, शिवदासपुरा, शिप्रापथ, बजाज नगर, मुरलीपुरा, मानसरोवर, आमेर, जालूपुरा, कोतवाली, महेश नगर, ट्रांसपोर्ट नगर एवं माणकचौक थाना इलाके में वाहन चोरों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया और 34 वाहन चोरों को गिरफ्तार किया। 17 थाना इलाकों में 104 वाहन चोरों के ठिकानों पर दबिश दी गई। पुलिस ने बदमाशों के पास से चोरी की 67 बाइक, 1 बाइक का इंजन, 9 बाइक के पार्ट्स और 4 चोरी के मोबाइल बरामद किए। जयपुर पुलिस कमिश्नरेट पुलिस ने वाहन चोरी में विभिन्न थानों के 70 चालान शुदा अपराधियों से पूछताछ की। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि सीएसटी ने 10 से ज्यादा थाना इलाके में वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जयपुर के शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया। इन बदमाशों के पास से अलग-अलग थाना पुलिस ने बड़ी संख्या में चोरी के वाहनों को जब्त किया है। गिरफ्तार बदमाशों की सूचना पर अन्य चोरी के वाहन भी पुलिस जल्द बरामद कर सकती है। पुलिस ने आकाश चौबे निवासी वाल्मिकी नगर मालवीय नगर,अजय महावर निवासी झालाना कच्ची बस्ती मालवीय नगर, विशाल बमेन निवासी वाल्मिकी नगर मालवीय नगर,सागर चौहान उर्फ शक्ति निवासी फागी जिला जयपुर ग्रामीण, लोकेश मोर निवासी मौजमाबाद जिला जयपुर ग्रामीण, लोकेश निवासी चकवाड़ा फागी जिला जयपुर ग्रामीण, नवरत्न मीणा निवासी सवाईमाधोपुरा हाल नया मौजा पुलिस थाना मोजमाबाद जिला जयपुर,दिलीप सिंह निवासी चौरु फागी जिला जयपुर ग्रामीण, ओमप्रकाश गोस्वामी निवासी बजरंग वाटीका बिंदायका शिवार मोड जयपुर,राकेश बैरवा निवासी लांबा हरिसिंह जिला टोंक को गिरफ्तार किया है। इसी तरह बबलू जांगिड़ निवासी लांबा हरिसिंह जिला टोंक, जयसिंह निवासी आंटोली जिला टोंक, मिजान शेख निवासी आमेर, किशन निवासी मालवीय नगर जयपुर, आकाश राय निवासी मालवीय नगर जयपुर, आकाश मेहता निवासी रोहिणी विहार खोरा बिसल जयपुर, दानिश उर्फ मक्खी निवासी नाजिर जयसिंहपुरा खोर ,रवि मल्होत्रा निवासी रामगंज जयपुर,नरेन्द्र उर्फ डेमो उर्फ सागर निवासी टोंक हाल रामगंज ,बाबू उर्फ सलीम निवासी सांगानेर जयपुर,रहीश खान निवासी ईटावा जिला कोटा हाल सांगानेर जयपुर, बीमन्तर वरमन निवासी मालवीय नगर जयपर,अजय बैरवा निवासी मालवीय नगर जयपुर, शहजाद उर्फ मुन्नू खान निवासी जयसिंहपुरा खोर जयपुर,रैहान उर्फ नन्हा उर्फ नन्नू निवासी गलतागेट जयपुर, अंकित निवासी शिवदासपुरा जयपुर, राहुल सिंह उर्फ जसविन्दर सिंह निवासी गलतागेट जयपुर, शिवम मंगवान उर्फ युगल गलतागेट जयपुर, विपिन राजावत निवासी टोडाभीम जिला करौली हाल करधनी जयपुर, गिरधर सिंह निवासी सिरसी रोड जयपुर,हैप्पी सिंह राठौड़ निवासी हाथोज फाटक सिरसी रोड जयपुर,धीरज जांगिड़ निवासी राज विहार गांव सिरसी जयपुर,जॉन आशिष निवासी करणी विहार जयपुर,बलराम चौधरी निवासी जयपुर को गिरफ्तार किया है।

## लड्डू प्रसादी वितरण आज पूरे दिन

**जयपुर** । श्री खोले के हनुमान मंदिर स्थित नृत्य गोपाल गणेश मंदिर में गणेशोत्सव पर भक्तों को सुबह से रात तक लड्डू प्रसादी का वितरण किया जाएगा। श्री नरवर आश्रम सेवा समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि गणेश चतुर्थी पर सुबह 5 बजे नृत्य गोपाल गणेश का अभिषेक किया जाएगा। नई पोशाक धारण कराकर श्रृंगार किया जाएगा।